दिनांक : 12.12.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन दिवसीय विदेश यात्रा के लिए 15 दिसंबर को होंगे रवाना
- मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के आज दो वर्ष हो रहे पूरे, आज विकास कार्यों की जानकारी देंगे मुख्यमंत्री
- बालाघाट में आखिरी 2 नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद नक्सल मुक्त हुआ प्रदेश
- एफ.आई.एच. हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में भारत ने जीता कांस्य पदक

राष्ट्रपति मणिपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज मणिपुर की राजधानी इम्फाल में नू पी लाल स्मृति परिसर का दौरा करेंगी। वे राज्य की वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगी। राष्ट्रपति मणिपुर के सेनापति ज़िले में जनसभा को संबोधित करेंगी और जिले की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन .तथा शिलान्यास करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु मणिपुर की दो दिन की यात्रा पर कल इम्फाल पहुंचीं। उन्होंने कल इम्फाल में एक हजार तीन सौ 87 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, जनजातीय विकास, सड़क, कृषि, बिजली और पेयजल से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री-तीन देशों की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 दिसंबर से जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की चार दिन की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में, प्रधानमंत्री जॉर्डन जाएंगे। उनकी यह यात्रा जॉर्डन नरेश अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर हो

रही है। इस दौरान, दोनों नेता आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। 16 दिसम्बर को, श्री मोदी अफ्रीकी देश इथियोपिया जाएंगे। यह उनकी पहली इथियोपिया यात्रा होगी। यह यात्रा इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली के निमंत्रण पर हो रही है। यात्रा के अंतिम चरण में, 17 दिसम्बर को प्रधानमंत्री मोदी ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान पहुंच रहे हैं। यह श्री मोदी की दूसरी ओमान यात्रा होगी। यह यात्रा दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 70 वर्ष पूरे होने पर हो रही है।

डॉ. मोहन यादव सरकार-02 वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ऐतिहासिक निर्णय और नीतियों से प्रदेश में परिवर्तन के नये दौर की शुरूआत हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति में डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। आज वे मुख्यमंत्री कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में म.प्र. ने पिछले दो वर्षों में विकास के हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की है। दो वर्ष के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कुशाभाउ कन्वेंशन हॉल में पत्रकार वार्ता के माध्यम से प्रदेश के विकास की जानकारी प्रदान करेंगे।

वंदे मातरम : जेपी नड्डा

राज्यसभा में कल वंदे मातरम पर हुई चर्चा के दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि वंदे मातरम को वह सम्मान और स्थान नहीं मिला, जो उसे मिलना चाहिए था। उन्होंने इस स्थिति के लिए उस समय के शासकों को जिम्मेदार बताया। नड्डा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूछा कि क्या वर्ष 1937

में जवाहरलाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री थे। इस पर नड्डा ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

मुरुगन-महिला सशक्तिकरण

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा है कि भारत सभी क्षेत्रों में नारी शक्ति का अभूतपूर्व उदय देख रहा है। नई दिल्ली में कल महिलाओं और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने उनके सम्मान, गरिमा और आत्म-सम्मान को बनाए रखने के सरकार के संकल्प पर ज़ोर दिया।

नक्सलवाद मध्यप्रदेश सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की वर्चुअल उपस्थिति में कल बालाघाट में आखिरी 2 नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों के समर्पण से मध्यप्रदेश तीन दशक बाद लाल सलाम को आखिरी सलाम के साथ नक्सल मुक्त हो गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन में ऐतिहासिक रूप से 42 दिनों में 7 करोड़ 75 लाख के इनामी 42 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

इंडिया-ए.आई. शिखर सम्मेलन

इंडिया ए.आई. मिशन ने शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के असल दुनिया पर पड़ने वाले असर पर केसबुक के लिए यूज़ केस के लिए एक ग्लोबल कॉल शुरू की है। केस के अध्ययन के लिए कॉल इस महीने की 25 तारीख तक खुली रहेगी, जिससे केसबुक में एक चैप्टर लिखने का मौका मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि यह सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन और एकस्टेप फाउंडेशन

के साथ साझेदारी में किया गया था। यह शिखर सम्मेलन अन्वेषकों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को वैश्विक नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदो, और शिक्षा-तकनीक से जुड़े नव-प्रवर्तकों के सामने अपना कार्य प्रदर्शित करने का मौका देगा।

एफ. आई. एच. हॉकी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एफ.आई.एच. हॉकी मेन्स जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में कांस्य पदक जीतने पर पुरुष जूनियर हॉकी टीम को बधाई दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि देश के युवाओं और जोशीली टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत का पहला कांस्य पदक जीता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह शानदार उपलब्धि देश भर के अन-गिनत युवाओं को प्रेरित करती है।

क्रिकेट-अंडर-19 एशिया कप एवं पुरुष क्रिकेट टी-20

एशियाई क्रिकेट परिषद अंडर-19 एशिया कप आज से दुबई में शुरू हो रहा है। उद्घाटन मैच भारत और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के बीच सुबह साढ़े 10 बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम का नेतृत्व आयुष म्हात्रे कर रहे हैं और टीम में वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। रविवार को भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। फाइनल 21 दिसंबर को होगा।

उधर, पुरुष क्रिकेट में, दक्षिण अफ्रीका ने कल रात चंडीगढ़ में पांच मैचों की श्रंखला के दूसरे टी-ट्वेंटी मैच में भारत को 51 रन से हरा दिया। अब पांच मैचों की सीरीज़ अब 1-1 से बराबर हो गई है।

मौसम अपडेट

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। शहडोल के कल्याणपुर में कल न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इंदौर में तीव्र शीत लहर चली, जबकि भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर और शहडोल जिलों में भी शीत लहर का प्रकोप रहा। मौसम विभाग ने आज रायसेन, भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर और शहडोल जिलों में शीत लहर चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने नागरिकों को ठंड से संभलने की सलाह दी है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

- शिवपुरी जिले में एडिप एवं वयोश्री योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण,एवं कृत्रिम अंग प्रदाय करने आज परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।
- प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी कल जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे।
- कटनी जिले में ठंड को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को 9 बजे के बाद संचालित करने के निर्देश दिये हैं।
- डिंडोरी कलेक्टर अंजू भदौरिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- बैतूल जिले में कल जल जीवन मिशन के कामों की प्रगति को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई।
- इंदौर में कल जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 69वें राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में कल जिले के नगरीय निकायों की विकास और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

-------